
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 236 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
अर्थव्यवस्था भी झटकों से उबर रही



देहरादून, शुक्रवार, 24 दिसंबर 2021

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 7.0°

40243.39

2 चीन में लगा सख्त लॉकडाउन

7 कोहली के बचाव में खुलकर आए मांजरेकर

# ओमिक्रॉन के खतरे के बीच ज्यादा सतर्क रहें राज्य

## केंद्र ने रात्रि कर्फ्यू लगाने की दी सलाह

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश में बढ़ते ओमिक्रोन के खतरे को लेकर केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कई दिशानिर्देश व उपाय दिए हैं। ओमिक्रोन के नए मामलों के रोकथाम को लेकर केंद्र ने राज्यों को रात में कर्फ्यू लगाने और बड़ी सभाओं के लिए सख्त नियम सुनिश्चित करने की सलाह दी है। साथ ही केंद्र ने राज्यों को क्रिसमस और नए साल के सेलिब्रेशन पर स्थानीय प्रतिबंधों पर विचार करने को भी कहा है।

देश के कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसको लेकर केंद्र ने इन राज्यों को विशेष दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि यहां जल्द ही कोरोना का टीकाकरण पूरा किया जाए। केंद्र ने यह भी कहा कि जिन जिलों में कम टीकाकरण हुआ है, वहां ओमिक्रोन के खतरे को देखते हुए वंचित लोगों का जल्द टीकाकरण किया जाए।

ओमिक्रोन के मामलों में वृद्धि की चिंताओं को लेकर केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सतर्क रहने और मामले की सकारात्मकता दर की निगरानी करने की सलाह दी है। केंद्र ने राज्यों के जिलों में कोविड समूहों पर नजर रखने की भी सलाह दी है।

**कंटेनमेंट जोन और बफर जोन अधिसूचित करें राज्यः** केंद्र ने कहा है कि राज्य बड़े आयोजनों के लिए सख्त नियम लागू कर सकते हैं। कंटेनमेंट को लेकर राज्यों को सलाह दी गई है कि जहां ज्यादा मरीज मिल रहे हैं, वहां कंटेनमेंट जोन और बफर जोन अधिसूचित करें। केंद्र ने कहा कि राज्य पहले टीके की खुराक का 100 फीसदी टीकाकरण सुनिश्चित करें और फिर दूसरे डोज के पात्र लोगों को तेजी से वैक्सीन लगाए।


**चुनावी राज्यों को दिए ये निर्देश** केंद्र ने उन राज्यों, जहां निकट भविष्य में चुनाव होने जा रहे हैं, को निर्देश दिया कि वे कोविड–19 टीकाकरण को तेजी से पूरा करें। जिन जिलों में कम टीकाकरण हुआ है, वहां ओमिक्रॉन वैरिएंट के खतरे को देखते हुए वंचित तबकों को जल्दी से टीके लगाएं।

**कहां कितने मामले?:** ओमिक्रोन के तेलंगाना में 24, राजस्थान 21, कर्नाटक 31, केरल 29, गुजरात 14, जम्मू–कश्मीर में 3, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और यूपी में दो–दो मामले हैं। वहीं, चंडीगढ़, लद्दाख, तमिलनाडु, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में एक–एक मामले हैं।

### चुनावी राज्यों में जल्द पूरा किया जाए टीकाकरण

**कोरोना के 7,495 नए मामले**

देशभर में कोरोना संक्रमण के 7,495 नए मामले सामने आए हैं। बीते 24 घंटों के दौरान 6,960 लोग कोरोना संक्रमण से रिकवर भी हुए हैं। इसके अलावा इस दौरान 434 मरीजों की मौत हो गई है। देशभर में कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या अब 78,190 हो गई है।



### ओमिक्रोन के कुल 250 से ज्यादा मामले

कोरोना वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रोन के मामले देशभर में तेजी से बढ़ रहे हैं। कर्नाटक में 12 और केरल में पांच नए मामलों की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही ओमिक्रोन के नए मामले बढ़कर 250 से ज्यादा हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ओमिक्रोन अब 16 राज्यों में फैल चुका है। ओमिक्रोन का उत्तराखंड में भी एक मरीज मिला है।

### महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मरीज

ओमिक्रोन के सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में हैं। महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 65 हो गई है जबकि दिल्ली में उसके कुल 64 मामले हैं। ओमिक्रोन के 104 मरीज ठीक भी हो चुके हैं।

### उत्तराखंड में पहला मामला

राजधानी देहरादून में बुधवार को ओमिक्रोन का पहला मामला सामने आया है। महानिदेशक स्वास्थ्य डा. तृप्ति बहुगुणा ने बताया कि ओमिक्रोन पीड़ित देहरादून की ही रहने वाली है। ये युवती आठ दिसंबर को स्कॉटलैंड से इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पहुंची थी। लैब रिपोर्ट के अनुसार युवती का सैंपल 12 दिसंबर को पाजिटिव पाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### लुधियाना कोर्ट में विस्फोट के बाद पंजाब सरकार अलर्ट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

चंडीगढ़। लुधियाना कोर्ट में विस्फोट के बाद पंजाब सरकार अलर्ट हो गई है। पीटीआइ के मुताबिक विस्फोट में अभी तक दो लोगों की मौत की सूचना है, जबकि चार लोग घायल हो गए हैं। हालांकि सरकार के मुताबिक एक ही व्यक्ति की मौत हुई है। घटना के बाद सीएम चरणजीत सिंह चन्नी मौके पर पहुंच गए हैं। सीएम चन्नी ने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही कुछ राष्ट्रविरोधी तत्व ऐसी हरकत कर रहे हैं।

### कोर्ट ने महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री के खिलाफ दिए जांच के आदेश

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने सीबीआइ की प्रारंभिक जांच लीक मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने सीबीआइ को देशमुख की भूमिका की जांच करने का निर्देश दिया है।

## गाय की बात करना कुछ लोगों के लिए गुनाह, हमारे लिए माता

### पीएम ने किया 22 विकास परियोजनाओं की आधारशिला और उद्घाटन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचकर जनता को कई सौगातें दी। मोदी ने खरियांव में खरियांव में बनास डेयरी संकुल की आधारशिला रखी। इसके अलावा उन्होंने 22 विकास परियोजनाओं की आधारशिला और उद्घाटन भी किया। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद मोदी ने जनसभा को संबोधित भी किया। मोदी ने कहा कि आज का दिन इतिहास में विशेष है, क्योंकि आज देश के पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की जयंती है। उनकी याद में देश किसान दिवस मना रहा है।

मोदी ने कहा कि हमारे यहां गाय की बात करना, गोधन की बात करना, कुछ लोगों ने ऐसे हालात पैदा कर दिए हैं। जैसे कोई गुनाह कर दिया है। गाय कुछ लोगों के लिए गुनाह हो सकती है। हमारे लिए गाय माता है। पूज्यनीय है। गाय–भैंस का मजाक उड़ाने वाले लोग ये भूल जाते हैं कि देश के 8 करोड़ परिवारों की आजीविका ऐसे ही पशुधन से चलती है। इन्हीं परिवारों की मेहनत से आज भारत हर साल लगभग साढ़े आठ लाख करोड़ रुपये का दूध उत्पादन करता है। ये राशि जितना भारत में गेहूं और चावल का उत्पादन होता है, उसकी कीमत से भी कहीं ज्यादा है।

मोदी ने ये भी कहा कि भारत में डेयरी सेक्टर को मजबूत करना हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इसी कड़ी में आज यहां बनास काशी संकुल का शिलान्यास किया गया। हमारे यहां कहा जाता था कि किसके दरवाजे पर कितने खूंटे हैं, इसे लेकर स्पर्धा रहती थी, लेकिन बहुत लंबे समय तक इस सेक्टर को जो समर्थन मिलना चाहिए था, वो पहले की सरकारों में नहीं मिला। हमारी सरकार देशभर में इस स्थिति को बदल रही है।

### प्राकृतिक खेती करने की अपील

आज देश की बहुत बड़ी जरूरत, डेयरी सेक्टर से जुड़े पशुओं से जो अपशिष्ट निकलता है, उसके सही इस्तेमाल का भी है। रामनगर के दूध प्लांट के पास बायोगैस से बिजली बनाने वाले प्लांट का निर्माण ऐसा ही एक बहुत बड़ा प्रयास है। एक समय था जब भारत में प्राकृतिक खेती होती थी। जो खेत से मिल रहा है, खेती में जुड़े पशुओं से मिल रहा है, वही तत्व खेती को बढ़ाने के काम आते थे, लेकिन समय के साथ प्राकृतिक खेती का दायरा सिमटता गया।

## उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत नरम पड़े

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस नेता हरीश रावत बुधवार को हाथ–पैर बांधे जाने जैसे ट्वीट करने के बाद गुरुवार को नरम पड़ गए हैं। उनका कहना है कि उनका ट्वीट तो रोजमर्रा जैसा ही था।

हरीश रावत ने बुधवार शाम तीन ट्वीट किए थे, जिनमें उन्होंने राजनीति से सन्यास लेने के संकेत दिए थे। गुरुवार को पार्टी हाईकमान द्वारा बुलाए जाने के बाद उनके तेवर नरम पड़ गए हैं। मेरा ट्वीट रोजमर्रा जैसा ही ट्वीट है, मगर आज अखबार पढ़ने के बाद लगा कि कुछ खास है, क्योंकि भाजपा और आप पार्टी को मेरी ट्वीट को पढ़कर बड़ी मिर्ची लग गई है और इसलिये बड़े नमक–मिर्च लगाये हुये बयान दे रहे हैं।

उन्होंने ट्वीट किया, मेरा ट्वीट रोजमर्रा जैसा ही ट्वीट है। मगर आज अखबार पढ़ने के बाद लगा कि कुछ खास है। क्योंकि भाजपा और आप पार्टी को मेरी ट्वीट को पढ़कर बड़ी मिर्ची लग गई है और इसलिए बड़े नमक–मिर्च लगाए हुए बयान दे रहे हैं। इस ट्वीट में उन्होंने उत्तराखंड भाजपा और उत्तराखंड आम आदमी पार्टी को भी टैग किया है।

### राजनीति

■कांग्रेस में घमासानः कहा– मेरा ट्वीट रोजमर्रा जैसा

गौरतलब है कि उत्तराखंड कांग्रेस में मचा घमासान अब दिल्ली तक पहुंच चुका है। हरीश रावत के ट्वीट के बाद कांग्रेस डैमेज कंट्रोल में जुटी हुई है। इसी क्रम में पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने हरीश रावत से बात भी की है। रावत शुक्रवार को दिल्ली में एक पूर्व निर्धारित बैठक में शामिल होंगे। हरीश रावत के साथ पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली तलब किया गया है। कल राहुल गांधी सभी नेताओं के साथ बैठकर बातचीत के बाद इस इस मामले पर बात करके समाधान निकालेंगे।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस

### भाजपा बोली– हरीश रावत को कोई पूछ नहीं रहा

संवाददाता

देहरादून। भयंकर सर्दी में उत्तराखंड का सियासी पारा हाई है। कांग्रेस के कद्दावर नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट कर सियासी गलियारों में घमासान मचा दिया है। भाजपा इस मौके को भुनाने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहती। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने हरीश रावत पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि खुद को उत्तराखंड की चाहत बताने वाले नेता को उनकी पार्टी ने ठुकरा दिया है। कांग्रेस उत्तराखंड को केंद्र शासित प्रदेश बनाना चाहती थी। इतना ही नहीं कांग्रेस के नेताओं ने कहा था कि हमारी लाश पर उत्तराखंड बनेगा।

कौशिक ने कहा कि पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने उत्तराखंड को विशेष पैकेज दिया था। अपने लिए सोचने वाला उत्तराखंड की बात भी कैसे कर सकता है। कांग्रेस के भीतर दस गुट नजर आ रहे हैं। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि हम अपने पांच साल के काम जनता के बीच लेकर जा रहे हैं। 2022 में हमें फिर से जनता का आशीर्वाद मिलेगा।